पत्र संख्या–2/स्था0 (पेन0 विविध) (2) 13/ 2024 ................../

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

अजय प्रकाश,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

निदेशक,
पशुपालन, बिहार, पटना,
सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन,
सभी विशेष उप निदेशक,
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी।

पटना– 15, दिनांक–................./2025

**विषयः–** **बिहार पशु चिकित्सा सेवा के समूह 'क' एवं 'ख' के पदाधिकारियों/कर्मियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (वर्ष 2023–24) SPARROW System के तहत निष्पादन करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन वर्ष 2023–24 SPARROW System के तहत समूह 'क' एवं 'ख' के पदाधिकारियों/कर्मियों के e-PAR आलेखन की कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में पाया गया है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा के कुल 298 राजपत्रित पदाधिकारियों का PAR स्व–अभिलेखन हेतु एवं कुल 271 PAR Reporting Officer के पास अभिलेखन हेतु लंबित है (पदाधिकारियों की सूची संलग्न)।

विदित हो कि मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 24.03.2025 को आयोजित बैठक में इस आशय का निदेश प्राप्त है कि SPARROW System के तहत e-PAR आलेखन की कार्रवाई दिनांक 31.03.2025 तक निश्चित रूप से सम्पन्न कर लिया जाय।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि उक्त वांछित कार्रवाई करने के साथ अपने सभी अधीनस्थ संबंधितों को भी निदेशित किया जाय कि अविलंब e-PAR आलेखन की कार्रवाई दिनांक 31.03.2025 तक अपने स्तर से पूर्ण कर लिया जाय अन्यथा संबंधितों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने पर विचार किया जाएगा।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः—2/स्था0 (पेन0 विविध) (2) 13/ 2024 ....1502/ पटना—15, दिनांक— 28/03/25

**प्रतिलिपिः**— विभागीय आई0टी0 प्रबंधक पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अजय 28/03/25

सरकार के अवर सचिव।